समाचार

पुनरीक्षित बजट वर्ष 2021–22 एवं बजट वर्ष 2022–23 पारित

(शेष सभी प्रस्ताव भी सदन द्वारा पारित किए गए)

कोरबा 31 मार्च 2022 –नगर पालिक निगम कोरबा के पुनरीक्षित बजट वर्ष 2021–22 एवं बजट वर्ष 2022–23 को आज निगम की साधारण सभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया, वहीं शेष अन्य प्रस्तावों को भी सदन द्वारा पारित किया गया।

सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी की अध्यक्षता एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद व आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय की उपस्थिति में निगम की साधारण सभा की बैठक आज प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम परिसर स्थित राजीव गांधी आडिटोरियम में सम्पन्न हुई। बैठक में नगर पालिक निगम कोरबा के पुनरीक्षित बजट वर्ष 2021–22 एवं बजट वर्ष 2022–23 को सदन द्वारा बहुमत से स्वीकृति प्रदान करते हुए बजट को अंगीकृत किया गया। इसी प्रकार जल आवर्धन योजना भाग–1 का संचालन एवं संधारण कार्य से संबंधित प्रस्ताव को भी सदन द्वारा बहुमत के आधार पर पारित किया गया, वहीं नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 51 सरदार पटेलनगर में सीवरलाईन तथा एस.टी.पी.पी. स्थापना व निर्माण कार्य के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव को भी सदन के द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसी प्रकार बांकीमोंगरा मोड़ से पंखादफाई रोड तक वितरण पाईप ल ाईन विस्थापन कार्य के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित हुआ। मैकेनाईज्ड रोड स्वीपिंग कार्य के संबंध में तैयार किए गए डी.पी.आर. से संबंधित प्रस्ताव एवं कोरबा प्रेस क्लब को क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए अनुदान राशि प्रदाय संबंधी प्रस्ताव को भी सदन ने सर्वसम्मति से पारित किया, वहीं वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु वार्षिक भाडा मूल्य व सम्पत्तिकर को यथावत रखने के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव भी बहुमत से पारित हुआ।